## सार-समाचार

### अस्पताल का औचक निरीक्षण

**निवाई।** राजस्थान स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुभाष खोलिया ने उप जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक ने अस्पताल में महिला व पुरुष वार्ड में रोगियों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में पूछताछ की। उन्होंने राजस्थान सरकार की निःशुल्क जांच व निःशुल्क दवा योजनाओं के बारे में चर्चा की। संयुक्त निदेशक डॉ. खोलिया ने गायनी वार्ड, मेडिकल स्टोर, एक्स-रे रूम, लैब, दवा स्टोर व टीकाकरण रूम में सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अस्पताल प्रभारी डॉ. राजेश जैन व बीसीएमएचओ पवन हाथीवाल से जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में फैली गंदगी को तुरंत सफाई करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ शौचालय की नियमित सफाई करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान ब्लॉक मुख्य चिकित्सा पवन हाथीवाल, चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेश जैन सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

### जैन संतों का आगमन

**निवाई।** जैन मुनि अरहसागर महाराज ससंघ एवं आर्यिका विशुद्धमति माताजी संघ का बुधवार को निवाई शहर में गाजे बाजे से मंगल प्रवेश होगा। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि जैन समाज के तत्वावधान में मुनि अरहसागर महाराज, आर्यिका विशुद्धमति माताजी एवं आर्यिका विज्ञमति माताजी ससंघ का बुधवार को मंगल आगमन प्रवेश होगा। गुरुवार को सुबह अहिंसा सर्किल पर दिगम्बर जैन संतों का समागम मंगल मिलन होगा। उन्होंने बताया कि निवाई में दोनों जैन संघ अहिंसा सर्किल से जुलूस के साथ गाजे बाजे से भगवान महावीर मार्ग होते हुए श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अठावाल मंदिर पहुंचेंगे। जहां विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा।

### कीर्तन 21 को

**निवाई।** इंद्रिरा कॉलोनी में स्थित श्याम मन्दिर में श्री श्याम अरदास कीर्तन मण्डल के तत्वावधान में कृष्ण पक्ष की एकादशी को अरदास कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। गायक राजू खण्डेलवाल ने बताया कि अरदास कीर्तन के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रथम वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव को लेकर बाबा श्याम का पन्चामृत से अभिषेक किया जाएगा एवं कलकता के फूलों से भव्य श्रंगार कर छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। रात्रि में गायक कलाकारों द्वारा आयोजित भजन संध्या में श्याम बाबा का गुणगान किया जाएगा। भजन संध्या के बाद माहाआरती कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी।

### राजूलाल मीणा बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**निवाई।** राजस्थान नर्सेज एसोशियशन के प्रदेशाध्यक्ष पवनकुमार व प्रदेश उपाध्यक्ष पीएम मीणा निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष त्रिलोकचन्द मीणा ने कार्यकारणी का विस्तार करते हुए कार्यकारणी में नर्सिंग ऑफिसर दतवास राजूलाल मीणा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। उन्होंने नवनियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजूलाल मीणा को नियुक्ति-पत्र देकर कार्यकारणी में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए निर्देशित किया है।

### नीरज मीणा का नीट में चयन

**निवाई।** गांव बाढ़ छौरियां निवासी नीरज मीणा पुत्र बाबूलाल का नीट परीक्षा 2025 में चयन हुआ है। छात्र के चाचा रामनारायण मीणा ग्राम पंचायत कनिष्ठ सहायक ने बताया कि उनके भतीजे नीरज ने प्रथम प्रयास में एसटी केटेगरी में 480 अंकों से 515 रैंक प्राप्त करके नीट में सफलता हासिल की है। नीरज मीणा ने बताया कि उनके दादा-दादी व माता-पिता का सपना था कि उनका पुत्र डॉक्टर बनकर समाज सेवा का कार्य करें, जो सपना 2025 में साकार हो गया। नीरज मीणा का चयन होने से पूरे परिवार सहित समस्त रिश्तेदारों व गावं में खुशी का माहौल है।

### 3 घंटे बिजली बंद रहेगी

**निवाई।** विद्युत विभाग के तत्वावधान में मरम्मत कार्य को लेकर गुरुवार को शहर में 3 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता धनराज यादव ने बताया कि सुबह 7 से 10 बजे तक अहिंसा सर्किल फीडर पर मरम्मत कार्य किया जाएगा और पेड़ों की टहनियों को काटा जाएगा। इसके चलते शिवाजी पार्क रोड, जिरात रोड, भगतसिंह कालोनी व अहिंसा सर्किल के आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### सोलंकी अध्यक्ष निर्वाचित

**चाकसू।** राजस्थान आस्तेदु अखाड़ा संघ की वार्षिक बैठक निजी विश्वविद्यालय चाकसू जयपुर में आयोजित की गईं। बैठक में कई जिलों के पदाधिकारी उपस्थित थे । चुनाव पर्यवेक्षक बृजकिशोर दास की उपस्थिति मे राजस्थान आस्तेदु अखाड़ा एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन भी किया गया। जिसमें -अध्यक्ष - पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी वरिष्ठ उप्पाध्यक्ष - गिरिराज विश्नोई उपाध्यक्ष - मयंक शर्मा, जगतार सिंह, महिपाल सिंह सचिव - विजय शर्मा कोषाध्यक्ष - अनीता कुमारी कार्य कारी सचिव- अनीता कुमार सयुंक्त सचिव - सतीश चौधरी, फ़िरोज़ खान, लक्ष्मण सिंह, अजय शर्मा कार्यकारी सदस्य - मोहन सिंह भाम्भू, ओम जाखड, दुर्गाराम चौधरी, गोपाराम जाट वार्षिक बैठक में जिला इकाई टोंक, अजमेर, चित्तोड़गढ़,, जैसलमेर, बाड़मेर, हनुमानगढ़, के विगत वर्षो मे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लेने के कारण इन इकाईओ को निष्कासित एवं भंग करने का निर्णय लिया गया ।

### ट्रेलर की टक्कर से किसान की मौत

**टोंक।** मेहंदवास थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 52 पर तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर से मोटरसाईकिल चपेट में आने से बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर आये ग्रामीणो की सूचना पर पंहुची मेहंदवास पुलिस ने किसान के शव को एम्बुलेंस से सआदत चिकित्सालस टोंक की मॉर्च्युरी में भिजवाया। ट्रेलर चालक मौके का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। मेहंदवास थाना क्षेत्र के ग्राम करीमपुरा निवासी किसान प्रहलाद जाट उम्र 46 साल जो बैंक से कार्य करके बाइक से घर लौट रहा था, तभी अरनिया नील के पास हाईवे पर चल रहे तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने वन-वे करवाकर वाहनों को निकाला।

### 393 आशार्थी रोजगार के लिये चयनित

**कोटपूतली।** कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की ओर से कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित राजकीय आईटीआई में बुधवार को जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रोजगार आशार्थियो को नियोजन के अवसर प्रदान करने के लिए निजी क्षेत्र की 11 कंपनियों के प्रतिनिधी उपस्थित रहे। शिविर में 998 रोजगार आशार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया। इसमें 393 आशार्थियों का रोजगार के लिए चयन किया गया। मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी ने मॉ सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण व द्वीप प्रज्जवलित कर षिविर का शुभारम्भ किया। अध्यक्षता पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर ने की। जबकि विषिष्ठ अतिथि के रूप में पार्षद प्रतिनिधि मुखिया पायला रहे। मंच संचालन करते हुये रमेश गुर्जर ने सभापति को संस्थान में पार्क विकसित करने व संस्थान परिसर में बारिश के दौरान भरने वाले गंदे पानी के निस्तारण के लिए आग्रह किया। जिस पर सभापति ने पार्क को विकसित करवाने के साथ ही संस्थान परिसर के अंदर बारिश में आने वाले गंदे पानी का निस्तारण करने के लिए पूर्ण आष्वस्त किया। इस दौरान संस्था प्रधान कुंतल कुमार सैनी, समूह अनुदेशक प्रदीप कुमार सैनी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह यादव, देवेन्द्र सिंह, सुभाष, बिलेश, योगेश, अमित, मुकेश हीरालाल, हंसराज, राजू, सोमवीर, पंकज, कपिल, बाउछ, ओमकला, मूलाराम एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

### कैलाशी देवी का सम्मान

**टोंक।** कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र टोंक के प्रभारी सुमित गर्ग व कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैलाशी देवी का छान मंडल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माला व साफा एवं चुनरी ओढाकर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान छान मंडल अध्यक्ष किशनगोपाल जाट एवं छान सरपंच भंवरलाल बैरवा का भी स्वागत किया । इस दौरान आए हुए पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की विचारधारा से अवगत करवाते हुए देश हित में कांग्रेस के योगदान पर प्रकाश डाला। पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनकी बात एवं समस्या को आगे तक पहुंचाने का विश्वास व भरोसा दिलाते हुए छान कांग्रेस मंडल में कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

# मंत्री हीरालाल नागर ने जल संरक्षण जन अभियान की समीक्षा बैठक ली

**भरतपुर (निस)।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने बुधवार को पंचायत समिति सभागार डीग में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह और जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल भी मौजूद रहे।



डीग में ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने बुधवार को पंचायत समिति सभागार में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में राज्यमंत्री नागर को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जिले में किए गए कार्यों तथा कार्ययोजना से अवगत कराया गया। नागर ने कहा कि अधिकारी आमजन के बीच जल स्त्रोतों और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को अधिक से अधिक पौधारोपण कर जिले में हरियाली एवं चारागाह भूमि के संरक्षण में अपना महती योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाए। श्री नागर ने अधिकारियों को जल संरचनाओं की साफ-सफाई तथा पुनरद्धार के द्वारा जिले में भू जल स्तर बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने 5 से 20 जून तक चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में जिले में हो रही गतिविधियों का संधारण ठीक प्रकार से करने पर जोर दिया। साथ ही, स्वच्छता कार्यक्रम, श्रमदान तथा पौधारोपण की गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश दिए। बिजली विभाग की समीक्षा के दौरान राज्य मंत्री ने उपभोक्ताओं को बिजली की निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग रहित आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इसके लिए अधिकारी विद्युत तंत्र में सुधार की योजनाओं को गति दें। बेहतर प्रबंधन के माध्यम से लोड का आकलन करते हुए विद्युत तंत्र में आवश्यक सुधार करें । नागर ने बिजली चोरी के प्रकरणों में भी प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।

## आवेदन की अंतिम तिथि कल

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में बीएससी (गणित एवं जीव विज्ञान) एवं बीए पार्ट प्रथम सेमेस्टर प्रथम के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून है। राजकीय महाविद्यालय निवाई के स्नातक प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर मदनमोहन महावर ने बताया कि बीएससी (गणित एवं जीव विज्ञान) एवं बीए पार्ट प्रथम सेमेस्टर प्रथम के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून है। उन्होंने बताया कि अंतिम वरियता सूची का प्रकाशन 23 जून को होगा। महाविद्यालय में मूल दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि 26 जून है। पूरी प्रक्रिया के बाद 1 जुलाई को कक्षाएं संचालित की जाएगी। प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन ने बताया कि विद्यार्थियों को आवेदन ऑनलाइन भरना होगा या आवेदन ई मित्र के माध्यम से भर सकेंगे। ऐसे विद्यार्थी जिन के पास वर्तमान में 12वीं की मूल अंक तालिका नहीं है वह विद्यार्थी इंटरनेट की मार्कशीट से आवेदन कर सकते हैं। दस्तावेज सत्यापन के समय अपनी मूल अंक तालिका प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑन लाइन आवेदन भरते समय विषय चयन में पूरी सावधानी बरतें।

## खैरथल में फर्जी दस्तावेज बनाकर नगर पालिका के टेंडर लेने वाली फर्म के कारनामों से उठा पर्दा

- उप निदेशक ने खैरथल अधिशासी अधिकारी को राज कांट्रेक्टर के ठेके निरस्त करने निर्देश दिए
- 7 दिन बाद तक भी अधिकारी दबाए हुए आदेश, आदेश को बताया प्रक्रिया में

**खैरथल।** खैरथल में फर्जी दस्तावेज बनाकर टेंडर लेने वाली फर्म राज कांट्रेक्टर का खुला राज क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग जयपुर के उपनिदेशक विनोद पुरोहित ने जालसाजी सामने आने पर खैरथल अधिशासी अधिकारी को राज कांट्रेक्टर के चारों कार्यों के टेंडर निरस्त करने के साथ अग्रिम जमा कराई गई अमानत राशि को जप्त कर फर्म को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए हैं।

खैरथल अधिशासी अधिकारी मुकेश शर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि राज कांट्रेक्टर के टैंडर निरस्त करने के आदेश मिले हैं। करवाई प्रक्रिया में है अभी टेंडर निरस्त नहीं किए गए हैं। फर्म राज कांट्रेक्टर के किशनगढ़ बास नगर पालिका में टैंडर को लेकर पूछा गया तो उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की और कहा कि मेरी जानकारी में नहीं है देखने पर ही बता पाऊंगा जबकि किशनगढ़ बास में राज कांट्रेक्टर को अनेक टैंडर नगर पालिका ने दे रखें। अधिकारी की ओर से अनभिज्ञता जाहिर करना और आदेश के बाद भी टेंडर निरस्त नहीं किए जाने कहीं ना कहीं अधिकारी को संदेह के दायरे में लाता है। 10 जून 2025 को उप निदेशक क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग जयपुर के उप निर्देशक विनोद परोहित ने आदेश जारी कर खैरथल अधिशासी अधिकारी को आदेश में कहा है कि राज कांट्रेक्टर फर्म द्वारा फर्जी दस्तावेजों के एडिटिंग कर फर्जी दस्तावेज तैयार करना पाया गया हैं। उन्होंने आदेश में लिखा है पत्र क्रमांक 4191 के दिनांक 23 मई 2025 के संदर्भ में दिनांक 2 जून 2025 के पत्र कमांक 862 की प्रेषित तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट व उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों की जांच से स्पष्ट होता है चारों कार्यों की निविदाओं की शर्त संख्या 5 की पूर्ति श्रम विभाग में वैध पंजीयन का फर्म राज कांट्रेक्शन ने कूट रचित तरीके से जालसाजी कर फर्जी लाइसेंस प्रस्तुत कर कार्य आदेश प्राप्त किया जाना प्रमाणित होता है। क्योंकि यह श्रम विभाग की वेबसाइट पर राज कॉन्टैक्टर द्वारा डाउनलोड होकर प्राप्त हुआ है। जिसके अनुसार राज कांट्रेक्टर के पास निविदा की तिथि का वैध लाइसेंस नहीं था। और उनका श्रम विभाग में लाइसेंस 31/12/2022 कों ही कालातीत हों गया था। उक्त आवेदन उनके द्वारा श्रम विभाग में नवीनीकरण के लिए 2/12/2024 को प्रस्तुत किया गया था। उप निर्देशक विनोद पुरोहित ने निर्देशक एवं विशिष्ट सचिव, वित्तीय सलाहकार एवं सहायक निर्देशक सतर्कता स्वायत्त शासन विभाग को प्रतिलिपि प्रेषित कर लिखा है कि शिकायतकर्ता द्वारा प्रेषित शिकायत प्रमाणित होती है। इसके बाद भी खैरथल अधिशासी अधिकारी ने फर्म के टेंडर निरस्त नहीं किए हैं।

## भरतपुर में ट्रैक्टर के नीचे दबने से युवक की मौत

- सड़क पर शव के पास बैठकर फूट-फूट कर रोता रहा दादा

**बयाना भरतपुर (निस)।** बयाना सदर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे ने सभी को झकझोर का रख दिया. एक युवक ट्रैक्टर पर बैठकर जा रहा था. अचानक ट्रैक्टर के अनियंत्रित होने से उसी के पहिए के नीचे आकर दब जाने से मौके पर मौत हो गई. सूचना मिलते ही परिजन पहुंचे । जहां पोते के शव को देख दादा को गहरा सदमा पहुंचा जहां सड़क पर पड़े शव के पास दादा विलाप करता रहा । लोगों ने हिम्मत देकर कर शव को बयाना अस्पताल पहुंचाया । जहां पोस्मार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया ।

झील चौकी प्रभारी पूरन सिंह ने बताया कि गांव मूंडिया निवासी 18 वर्षीय जतन पुत्र रामेश्वर जाट एक अन्य युवक के साथ ट्रैक्टर पर बैठकर डीजल भराने जा रहे थे.सुबह 9 गांव खोहरा और पिदावली के बीच किसी अन्य वाहन को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होने से सड़क से नीचे उतर गया. ट्रैक्टर पर बैठा जतन इसी ट्रैक्टर के पहिए के नीचे दबने से उसकी मौके पर मौत हो गई.सूचना पर झील पुलिस चौकी स्टाफ मौके पर पहुंचा.जहां शव को बयाना अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया.जहां शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया.

घटना की सूचना मिलते ही परिजन घटना स्थल पर पहुंचे.मृतक किशोर के दादा लाल सिंह पोते के शव को देखकर वह बुरी तरह से टूट गए. बीच सड़क पर पड़े पोते के शव के पास रोते रहे. अन्य परिजनों का भी रो रो कर बुरा हाल है.पुलिस और अन्य लोगों ने उन्हें हिम्मत दी।

## 'चरित्रवान व्यक्ति की अलग ही पहचान'

**निवाई।** श्री दादूदयाल गौशाला आश्रम के सन्त प्रकाशदास महाराज ने कहा कि देश में चारित्रिक शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि चरित्र प्रबल है तो व्यक्ति की अलग ही पहचान होती है। जिसका चरित्र चला जाता है, उसका सब कुछ चला जाता है। संत प्रकाशदास महाराज मंगलवार को आचार्य अभ्यास वर्ग में उद्बोधन दे रहे थे। इस अवसर पर प्रकाश दास महाराज ने एक देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किया। विद्या भारती के प्रांतीय सह मंत्री व वर्ग पालक हजारीलाल बैरवा ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण मानव जीवन का संरक्षण है। उन्होंने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग आरोग्य प्रदान करता है। आज पूरा विश्व योग कर रहा है। क्योंकि उसे योग का महत्व समझ में आ गया है। विश्व को भारत ने ही योग सिखाया है। इस अवसर पर डॉ. कमलकिशोर सोनी ने भी विचार व्यक्त किए। सत्र के शुभारंभ पर राष्ट्रीय सह मंत्री हजारीलाल, मुख्य अतिथि डॉ. कमलकिशोर सोनी, संत प्रकाशदास महाराज, प्रांत निरीक्षक अरुणकुमार दुबे व राजकुमार शर्मा आमेर ने भारत माता वी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ टीकमचंद कुमावत, शंभूदयाल शर्मा, गणेश नारायण मीणा, मदनलाल राणा, जयपुर ग्रामीण की आचार्या रेखा शर्मा, प्रवेश, कविता व गरिमा ने प्रभावी वंदना प्रस्तुत करके किया। कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्या एकता वर्मा व भावना ने किया। अतिथियों का परिचय वर्ग प्रबंध प्रमुख व स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा ने करवाया। सभी अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर व श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सोनू स्वामी ने भावगीत प्रस्तुत किया।

# मोदी ने जो संकल्प किया उसे पूरा करके दिखाया : विधायक वर्मा

- भाजपा संकल्प से सिद्धि तक अभियान का शुभारंभ

**निवाई।** मोदी सरकार के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भाजपा संकल्प से सिद्धि तक अभियान को लेकर गांव सिंदरा के बालाजी मंदिर में विधायक रामसहाय वर्मा के सानिध्य में भाजपा नटवाडा मंडल की बैठक आयोजित हुई। जिसमें विधायक रामसहाय वर्मा, मंडल अध्यक्ष बद्रीविजय व पूर्व प्रधान ममता जाट द्वारा मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक अभियान का दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया। विधायक रामसहाय वर्मा ने केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के साथ कई अभूत पूर्व कीर्तिमान स्थापित किए गए है। विधायक वर्मा ने बताया कि उक्त वर्षा में केन्द्र सरकार द्वारा गरीब, किसान, महिलाएं के हित में कार्य करते हुए देश को दुनिया में अठाणी स्थान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो संकल्प किया उसे पूरा करके दिखाने का काम किया है।



निवाई में विधायक रामसहाय वर्मा ने भाजपा संकल्प से सिद्धि तक अभियान का शुभारंभ किया ।

अध्यक्ष बद्री विजय नटवाडा ने केन्द्र सरकार की 11 वर्ष की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पूर्व ममता जाट ने कार्यकताओं को केन्द्र सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे अवगत करवाया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री नारायण यादव, आशाराम डोई, अमरसिंह बस्सी, जगराम मीणा, रामसहाय मीणा, शिवदयाल जागिड, धर्मचन्द चौधरी, मुकेश वर्मा, हरिशंकर जाट, नन्दसिह, लक्ष्मीनारायण, दिनेश मीणा, कजोडमल शर्मा, रामदयाल गुर्जर, बजरंग लाल व दिनेश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार-समाचार

### भाजपा मंडल की कार्यशाला



**टोंक।** भाजपा टोंक देहात मंडल द्वारा मोदी सरकार के संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष धोलू गुर्जर की अध्यक्षता में निजी होटल पर आयोजित हुई। कार्यशाला में देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर व पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा का मुख्य अतिथि रहे, कार्यशाला में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, सक्रिय सदस्य शामिल हुये। कार्यशाला में देवली उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो संकल्प लिए थे वो पूरे किये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षो के शासन के दौरान देश में ऐतिहासिक फैसले लिये गये, सरकार की योजनाएं और नीतियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें, इसलिए यह संकल्प से सिद्धी तक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुँचाना है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के बाद देश मे हालात बदलने के ऐतिहासिक कार्य किया है, मोदी ने युवा, महिला, किसान, मजदूर, गरीब व्यक्तियो के कल्याण व उत्थान के लिए योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है।

### भाजपा नेता रावत को मातृ शोक

**कोटपूतली।** क्षेत्र के ग्राम मोरदा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत की माताजी श्रीमती बर्फी देवी का मंगलवार शाम राजधानी जयपुर के संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल में 82 वर्ष की आयु में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले लगभग 15 दिनों से गंभीर बीमार होने के बाद उपचाराधीन थी। उल्लेखनीय है कि उनके पति स्व. बनवारी लाल रावत भी जिले के वरिष्ठ नेता रहे थे। अपने जीवनकाल में वे सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष भी रहे। कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल उनके दामाद है। श्रीमती बर्फी देवी का बुधवार को ग्राम मोरदा में अन्तिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पुत्र एड. हीरालाल, राजेन्द्र व एड. कैलाश चंद सहित पुत्र वधुओं, पौत्र-पौत्रियों समेत भरा पुरा परिवार छोड़कर गई है। अन्तिम संस्कार में विधायक हंसराज पटेल, कांग्रेस नेता देव कसाना, तहसील गुर्जर महासभा के अध्यक्ष नीरज पटेल, युवा गुर्जर महासभा के अध्यक्ष शिव पटेल, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व अन्य मौजूद रहे। वहीं विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल समेत अन्य ने भी उनके निवास पर पहुँचकर गहरा शोक व्यक्त किया। शोक बैठक आगामी 28 जून तक ग्राम मोरदा स्थित निजी निवास पर आयोजित की जायेगी।

### चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

**टोंक।** जिले की चिकित्सा संस्थानों पर आवश्यक व्यवस्थायें व मानव संसाधन, उपकरणों की क्रियाशीलता, दवाईयों की उपलब्धता, भवन निर्माण, साफ सफाई व राष्ट्रीय कार्यक्रमों का सफल कियान्वयन इत्यादि सुनिश्चित करने हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये जयपुर की राज्य स्तरीय टीम जिसमें डा. रामबाबू जयसवाल, स्टेट नोडल ऑफिसर एम.एन.डी.वाई, डा॰ सुभाष खोलिया, संयुक्त निदेशक (चिकित्सा प्रशासन), डॉ. सम्पत सिंह जोधा संयुक्त निदेशक अजमेर द्वारा जिले के जिला अस्पताल, उप जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी का निरीक्षण किया गया। सीएमएचओ डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि उक्त टीम द्वारा उप जिला चिकित्सालय निवाई, झिलाई और दूनी सीएचसी, मुंडिया पीएचसी का निरीक्षण किया । उसके बाद जिला मुख्यालय में सीएमएचओ कार्यालय सभागार में जिले के समस्त जिला अस्पताल, उप जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी के चिकित्सा अधिकारियो प्रभारियो के साथ बैठक आयोजित कर राष्ट्रीय कार्यक्रमों का सफल कियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल संचालन, टीबी रोग की शीघ्रता से पहचान, जांच और उपचार, अभियान में जनभागीदारी, निक्षय मित्र, सीबीनाट टेस्ट, इत्यादि गतिविधियों से संबंध में समस्त बीसीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए।

### नरायना-दूदू मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

**सांभरझील, (निसं)।** नरेना से दूदू तक का पूरा मार्ग छलनी हो चुका है। आपको यह जानकर हैरानी नहीं होनी चाहिए क्योंकि वर्तमान प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम के पद पर खुद दूदू के रहने वाले प्रेमचंद बेरवा को ऐसा नहीं है स्थिति की जानकारी नहीं है, लेकिन सुधार अभी तक नहीं हुआ है। आम जनता के हित में काम करने के बड़े-बड़े दावे तो करते हैं लेकिन खुद के ही इलाके में इतने लंबे समय से नरायना से दूदू तक सड़क मार्ग पूरा टूटा पड़ा है, लेकिन इसकी सुध क्यों नहीं ली जा रही है, क्या विभाग नहीं चाहता हैं की जनता बिना हिचकोले खाए कम समय में उनका सफर आसान हो। सरकार को चिंता क्यों नहीं सताती है कि कोई बड़ी दुर्घटना हो गई तो फिर क्या जवाब देंगे। लगता है खुद तो बड़े नेता इस रोड से जाते ही नहीं होंगे, अब जाएंगे भी क्यों, क्योंकि उनको तो सरकार की सुविधा मिल चुकी है तो आम जनता की तकलीफ से अब लेना देना भी क्या? ऐसा तो है नहीं कि नेता डाइरेक्ट सुख सुविधाओं को भोगने वाले बने हो, पहले तो साधारण ही थे, खास तो आम जनता ने बना दिया है। अब अचानक ऊंचे ओहदे पर बैठकर शायद भूल गए हैं कि यदि जनता के हित में काम नहीं किया गया तो फिर वापस आना तो आम जनता के बीच में ही है। वोट लेते समय तो हाथ जोडकर खड़े हो जाएंगे भाई साहब वोट दो, हम आपको सुविधा देंगे, लेकिन आम जनता को क्या पता जीतने के बाद यह दुविधा देंगे। जनता बेचारी क्या करें उसकी कोई सुनता नहीं है, सुनते इसलिए नहीं है कि अब इनकी जरूरत तो आगामी 5 साल बाद चुनाव में ही पड़ेगी तो क्यों फिर फालतू में ही इनको सुविधा क्यों दी जाए।

### मृतकों को श्रद्धांजलि

**शाहपुरा ।** श्री नारायण स्मृति पार्क में बुधवार को विधायक मनीष यादव की टीम के द्वारा अहमदाबाद में हुये विमान क्रैश के मृतकों श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर का कांठोस ब्लॉक अध्यक्ष नाथु राम सैनी, रामेश्वर गोरेठा, मुकेश खुड़ानिया, जगदीश सोनी, सुल्तान यादव, जितेंद्र शर्मा, किशोर सिंह, पार्षद घनश्याम सैनी, राजेंद्र शर्मा, रामकुमार लोहार, वकील खान, कार्तिक पलसानिया, महेश जड़वाल, बाबूलाल बुनकर, मालीराम सैनी, भैरू रावत, बंटी शर्मा, कालू दातला, कैलाश समोता, लोकेश सामोता, जगदीश कुम्हार, प्रवीण मेहरा, अर्जुन कुम्हार, अमर सिंह कुम्हार सहित कई लोग मौजूद थे।

### नशा मुक्ति का संदेश

**कोटपूतली।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार के नेतृत्व में 1 जून से 26 जून तक चल रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत बुधवार को सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोटपूतली में स्काउट-गाइड संघ कोटपुतली के तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक कल्याण विभाग जिला कोटपूतली-बहरोड़ के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए जीवन में संयम, संकल्प और स्वच्छ सोच को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलवाई और कहा कि युवा वर्ग को जागरूक करना समाज में बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नशा मुक्ति अभियान से जुडे नरेंद्र सिंह ने भी उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा सिर्फ शरीर नहीं, परिवार, समाज और भविष्य को भी निगलता है। उन्होंने नशा मुक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच नशा मुक्ति विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं प्रेरक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बालकों ने सुंदर-सुंदर स्लोगन और चित्रों के माध्यम से नशे के विरुद्ध अपना संदेश प्रस्तुत किया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने आत्मविश्वास और तर्कों के साथ नशे की सामाजिक, मानसिक और शारीरिक हानियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सीताराम गुप्ता एवं स्थानीय स्काउट गाइड संघ के सचिव रामवीर यादव ने किया। इस पूरे आयोजन में बच्चों की सक्रिय भागीदारी व सामाजिक चेतना ने यह स्पष्ट किया।